अति–आवश्यक

संख्याः–ई0डी0एन0–एच0ई0(21)ए0(3)33/2020–वी
शिक्षा निदेशालय (उच्चतर),
हिमाचल प्रदेश, शिमला–1
Tel:0177&2653120, Extn-234
E-mail:dhe-sml-hp@gov.in, Fax:2812882

दिनांक शिमला–1 20 मार्च,2021

सेवा में

1. समस्त उप–शिक्षा निदेशक, उच्चतर शिक्षा, हिमाचल प्रदेश
2. समस्त प्रधानाचार्य /मुख्याध्यापक, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक/ उच्च पाठशाला, हिमाचल प्रदेश

विषयः– गैर–बोर्ड कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाओं के परिणाम घोषित करने तथा विद्यार्थियों का सत्र 2021–2022 के लिए विद्यालयों में प्रवेश बारे।

उपरोक्त विषय पर, जैसाकि आपको विदित है कि प्रदेश के स्कूलों में गैर–बोर्ड कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाएं दिनांक 27–03–2021 को समाप्त हो जांएगी। अतः समस्त राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक/उच्च पाठशालाओं के प्रधानाचार्यों व मुख्याध्यापकों को निर्देश दिए जाते हैं किः–

1. सभी विद्यालयों के मुखियाओं द्वारा गैर–बोर्ड कक्षाओं के वार्षिक परीक्षा परिणाम समयबद्ध रूप में दिनांक 31 मार्च 2021 को घोषित करना सुनिश्चित किया जाएगा।
2. यदि किसी अध्यापक का इस दौरान स्थानान्तरण हुआ हो तो सम्बन्धित स्कूल के प्रधानाचार्य /मुख्याध्यापक द्वारा सम्बन्धित अध्यापक (कों) को कार्यभार मुक्त करने से पूर्व परीक्षाओं से सम्बन्धित सम्पूर्ण प्रक्रियाओं को पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाएगा।
3. दिनांक 31 मार्च 2021 को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित करने के उपरान्त सत्र 2021–2022 के लिए विद्यालयों में विद्यार्थियों की प्रवेश प्रक्रिया दिनांक 01 अप्रैल 2021 से आरम्भ हो जाएगी। जिन ग्रीष्मकालीन अवकाश वाले स्कूलों में दिनांक दिनांक 01 से 04 अप्रैल 2021 तक अवकाश होगा, उन स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया दिनांक 05 अप्रैल 2021 से आरम्भ होगी।
4. दसवीं कक्षा की अप्रैल माह में बोर्ड परीक्षाएं देने वाले विद्यार्थियों को हिमाचल प्रदेश उच्चतर शिक्षा संहिता–2012 में दिए गए प्रावधानों के अनुसार रोल–ऑन आधार पर सम्बन्धित स्कूल द्वारा जमा एक कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा।
5. सभी विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियां दिनांक 11 अप्रैल 2021 से आरम्भ हो जाएंगी अतः विद्यालय प्रबंधन को विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियां शुरू करने से पूर्व भारत सरकार द्वारा दिनांक 30–09–2020 तथा दिनांक 05–10–2020 को जारी मानकों तथा संचालन प्रक्रियाओं अनुसार सैनिटाइजेशन व शिक्षण कार्य की व्यवस्था करना सुनिश्चित करना होगा।

6. सभी विद्यार्थी दिनांक 11 अप्रैल 2021 से विद्यालयों में मानकों तथा संचालन प्रक्रियाओं का पालन करते हुए शिक्षा ग्रहण करेंगें। विद्यालय प्रबंधन यह भी सुनिश्चित करेगा कि सभी विद्यार्थी, अध्यापक तथा गैर–शिक्षक वर्ग विद्यालय परिसर में मुखावरण (मास्क), दो गज़ की दूरी तथा हैंड सेनिटाइजेशन की प्रक्रिया का पूर्ण तौर पर पालन किया करें।

इस सन्दर्भ में आपको निर्देश दिए जाते हैं कि उपरोक्त वर्णित मदवार निर्देशों की अक्षःरक्ष अनुपालना अपने–अपने शिक्षण संस्थान में अम्ल करना सुनिश्चित करें तथा सभी कार्यवाही समयबद्ध रूप से कार्यान्वित करना सुनिश्चित करें।

समस्त जिला उप–शिक्षा निदेशक, उच्चतर शिक्षा व निरीक्षण संवर्ग उपरोक्त वर्णित मदवार निर्देशों की अक्षःरक्ष अनुपालना समयबद्ध रूप से कार्यान्वित करवाना सुनिश्चित करेंगे।

(डा0 अमरजीत कुमार शर्मा)
शिक्षा निदेशक, उच्चतर शिक्षा
हिमाचल प्रदेश

पृष्ठांकन संख्याः सम दिनांक शिमला–1 20 मार्च,2021

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–

1. सचिव (शिक्षा), हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला–2.
2. तकनिकी अधिकारी, सूचना एवम प्रौद्योगिकी कक्ष, उच्चतर शिक्षा निदेशालय को पत्र को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
3. रक्षक नस्ति।

शिक्षा निदेशालय उच्चतर शिक्षा

22 MAR 2021

शिक्षा निदेशक, उच्चतर शिक्षा,
हिमाचल प्रदेश